# मुर्मू 21 नवंबर से हैदराबाद के दो दिवसीय दौरे पर



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर से हैदराबाद की दो दिवसीय यात्रा पर होंगी।

तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।मुख्य सचिव ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि राष्ट्रपति की यात्रा गरिमापूर्ण और सफल हो, अधिकारियों को मैनुअल के अनुसार व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रपति की यात्रा के लिए अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया जिसमें पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और बंदोबस्त योजना शामिल है।

यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि अग्निशमन विभाग के मुख्य सचिव को आवश्यक कर्मचारियों के साथ सभी आयोजन स्थलों पर पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था और फायर टेंडर उपलब्ध कराने को कहा गया है।

स्वास्थ्य विभाग को सहायक कर्मचारियों के साथ-साथ योग्य डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।इसी तरह सड़क और भवन विभाग को आवश्यक बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्था करने के साथ ही ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) और पुलिस विभाग के समन्वय में सड़क की मरम्मत करने के लिए कहा गया है।

म्यूनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन एडं अर्बन डेवलपमेंट (एमएयूडी) विभाग को राष्ट्रपति के ठहरने के स्थान के आसपास की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। ऊर्जा विभाग को सभी आयोजन स्थलों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# तस्करों से पैंगोलिन को बचाया



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), हैदराबाद जोन इकाई ने आंध्र प्रदेश के कादिरी में तस्करों के एक समूह से एक पैंगोलिन को मंगलवार को बचा लिया।

पैंगोलिन को संशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, के प्रावधानों के तहत चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पैंगोलिन और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आंध्र प्रदेश के कादिरी वन रेंज के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

संभावित खरीदार बनकर अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश के कादिरी में तस्करों से मिलने का प्रबंध किया।

कई दौर की बातचीत के बाद तस्कर कादिरी-पुलिवेंदुला रोड पर एक सुदूर, पूर्वनिर्धारित स्थान पर जूट के बोरे में जीवित पैंगोलिन लेकर पहुंचे।

क्षेत्र की निगरानी कर रहे डीआरआई अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया, तस्करों को पकड़ लिया और जीवित भारतीय पैंगोलिन को बचा लिया। पैंगोलिन का अवैध शिकार आमतौर पर चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए किया जाता है, जहाँ उनके शल्कों का उपयोग पारंपरिक दवाओं में किया जाता है और उनके मांस को एक ऐसा व्यंजन माना जाता है जिसमें औषधीय गुण होते हैं। भारतीय पैंगोलिन (मैनिस क्रैसिकौडाटा) को वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची ख में सूचीबद्ध किया गया है, जो इसे उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान करता है। इस प्रजाति के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर वन्य जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (उखढएड) के परिशिष्ट ख के तहत भी प्रतिबंध है। ऑपरेशन के बाद, जीवित पैंगोलिन को जब्त कर लिया गया और संशोधित वन्य जीवन (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत मंगलवार को चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। डीआरआई ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पैंगोलिन और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए आंध्र प्रदेश के कादिरी वन रेंज के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

# बीआरएस नेता पटनम नरेंद्र रेड्डी को पुलिस हिरासत में लिया गया



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोडंगल के पूर्व विधायक और बीआरएस नेता पटनम नरेंद्र रेड्डी को बुधवार को पुलिस ने फिल्मनगर स्थित उनके आवास से हिरासत में ले लिया। उन्हें कथित तौर पर विकाराबाद के जिला कलेक्टर प्रतीक जैन और अन्य के खिलाफ लागचेरला में हुए हमले में शामिल होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है।

सोमवार को लागचेरला गांव के कुछ ग्रामीणों ने कथित तौर पर प्रस्तावित दवा कंपनियों के लिए अपनी जमीन अधिग्रहण के विरोध में अधिकारियों पर हमला किया था।

प्रदर्शनकारियों ने विकाराबाद के जिला कलेक्टर प्रतीक जैन के साथ धक्का-मुक्की की और उनके वाहन और अन्य लोगों के वाहन पर पत्थर फेंके।

तीन अधिकारी- एक अतिरिक्त कलेक्टर, कोडंगल क्षेत्र विकास प्राधिकरण (केडीए) के अध्यक्ष और एक डीएसपी रैंक के पुलिस अधिकारी घायल हो गए। यह घटना तेलंगाना औद्योगिक अवसंरचना निगम (टीजीआईआईसी) द्वारा भूमि अधिग्रहण पर एक सार्वजनिक सुनवाई के दौरान हुई। कथित तौर पर पूर्व नियोजित हमले को भड़काने वाला बीआरएस युवा विंग का एक नेता फरार है।

घटना को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और अधिकारियों ने दुदयाला मंडल में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। पटनम नरेंद्र रेड्डी ने विकाराबाद में कोडंगल विधानसभा क्षेत्र से तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

# पेद्दापल्ली में मालगाड़ी पटरी से उतरी, रेल सेवाएं बाधित



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेद्दापल्ली जिले में राघवपुरम और रामागुंडम के बीच मंगलवार रात लोहे की कॉइल ले जा रही एक मालगाड़ी की 11 बोगियां पटरी से उतर गई जिससे ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं।

कर्नाटक के बेल्लारी से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी के राज्य होकर गुजरने के दौरान यह हादसा हुआ।

इस दुर्घटना के कारण दिल्ली-चेन्नई मुख्य रेलवे लाइन पर ट्रेनों का परिचालन रुक गया है और दोनों तरफ की ट्रेनों को रोक दिया गया है। एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, यात्री और मालगाड़ियां लाइन के विभिन्न स्थलों पर फंसी हुई हैं।

दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही रेलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बुधवार सुबह तक ट्रेनों की आवाजाही बहाल होने की संभावना नहीं है क्योंकि पटरी से उतर चुके डिब्बों को पटरियों से हटाने में समय लगता है। ट्रेन सेवाओं में व्यवधान के कारण यात्रियों को देरी और अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके परिणामस्वरूप रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन के पटरी से उतरने से प्रभावित कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है या उनके मार्ग में परिवर्तन कर दिया है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से बात की और यात्रियों की असुविधा में कमी लाने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया।

रेलवे अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बुधवार सुबह तक सामान्य परिचालन बहाल करने की कोशिश जारी हैं। इस बीच, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने यात्रियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं: सिकंदराबाद मंडल: 040-27786140, 040-27786170, काजी-पेट: 0870-2576430, वारंगल: 9063324898, खम्मम: 7815955306.

# फुटपाथ पर गिरी महिला की मौत

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केपीएचबी मेट्रो रेल स्टेशन के पास फुटपाथ पर गिरने और सिर में चोट लगने से एक महिला की मौत हो गई, ऐसा कथित तौर पर शराब के नशे में धुत महिला ने किया, केपीएचबी पुलिस ने मंगलवार को बताया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के पति के. मल्लेश (40) ने सोमवार देर रात शराब पी थी। मंगलवार को उसने कूड़ा बीनने के लिए अपनी पत्नी को जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी। उसने कुछ घंटों तक उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन उसने कहा कि उसे तबीयत ठीक नहीं लग रही है। उसे छोड़कर वह चला गया। सुबह 11 बजे वापस लौटा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी मर चुकी थी। उसने पुलिस को फोन किया और मामले की जांच चल रही है। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया है कि वह गिर गई होगी, उसे चोट लगी होगी और उसकी मौत हो गई होगी।

# विकाराबाद कोर्ट ने कलेक्टर हमला मामले में 16 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा



**कोडंगल, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विकाराबाद जिला न्यायालय ने लागाचेरला गांव में जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों पर हमला करने के आरोपी 16 व्यक्तियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। यह घटना दुद्याला मंडल में प्रस्तावित फार्मा परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित सार्वजनिक सुनवाई के दौरान हुई।पुलिस ने आरोपियों को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट बी. श्री राम के समक्ष पेश किया, जिन्होंने रिमांड आदेश जारी किया। न्यायालय के निर्णय के बाद आरोपियों को पारिगी उप जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारी जांच जारी रखे हुए हैं और हमले से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश कर रहे हैं, जिससे अधिकारियों की सुरक्षा और क्षेत्र में कानून प्रवर्तन स्थिति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# 7.17 करोड़ की नशीली दवाएं नष्ट की गईं



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साइबराबाद ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने करीब 7.17 करोड़ रुपए की 2,380 किलोग्राम नशीली दवाएं नष्ट की हैं।

पुलिस की एक विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया कि तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) के निदेशक संदीप शांडिल्य के नेतृत्व में और साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती की निगरानी में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने मंगलवार को विभिन्न मामलों में जब्त की गई नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया।यह विनाश शहर के बाहरी इलाके रंगारेड्डी जिले के नंदीगामा मंडल के एडुलापल्ली गांव में एक कॉमन बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट एंड डिस्पोजल फैसिलिटी जीजे मल्टीक्लेव (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में हुआ।नष्ट की गई दवाएं हैं गांजा - 2,286.679 किलोग्राम; गांजा का पौधा - हशीश तेल - 8 लीटर 298 मिलीलीटर; एमडीएमए - 87.518 ग्राम; कोकीन - 72.97 ग्राम; चरस - 26.756 किलोग्राम; अल्प्राजोलम - 10.010 किलोग्राम; अफीम पोस्ता - 1.64 किलोग्राम; गांजा पाउडर - 132 ग्राम और एलएसडी ब्लॉट्स - 8 यूनिट। ये नशीले पदार्थ साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर 31 पुलिस स्टेशनों से जुड़े बालानगर, माधापुर, मेडचल, राजेंद्रनगर और शमशाबाद के 5 क्षेत्रों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज 155 मामलों से संबंधित हैं।

# श्रीवाणी दर्शन टिकटों का आवंटन अब आसान हुआ : टीटीडी अतिरिक्त ईओ



**तिरुमाला, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौ. वेंकैया चौधरी ने बुधवार को कहा कि तिरुमाला में श्रीवाणी दर्शन टिकटों को ऑफलाइन आवंटित करने की प्रक्रिया अब आसान हो गई है।यहां गोकुलम कॉन्फ्रेंस हॉल के पीछे श्रीवाणी दर्शन टिकटों के लिए नए काउंटरों का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि बारिश के दौरान पिछले श्रीवाणी काउंटर की कतारों में भक्तों को असुविधा का सामना करने के बाद एक विशेष काउंटर स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि श्रीवाणी के भक्त अब बिना किसी असुविधा के टिकट प्राप्त कर सकते हैं।अतिरिक्त ईओ ने कहा कि प्रतिदिन 900 टिकट ऑफलाइन आवंटित किए जा रहे हैं।पहले टिकट आवंटित करने में तीन से चार मिनट लगते थे, लेकिन अब भक्तों को एक मिनट के भीतर टिकट आवंटित करने के लिए आवेदन को सरल बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि भक्त पांच काउंटरों के माध्यम से आसानी से टिकट खरीद सकते हैं।

इससे पहले काउंटर पर विशेष पूजा करने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भक्तों का विवरण लिया और पहला टिकट आवंटित किया।

# मां की डांट से क्षुब्ध होकर सातवीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या कर ली

**मंचेरियल, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंगलवार शाम को एक 12 वर्षीय लड़की ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी माँ ने उसे अपना होमवर्क पूरा न करने पर डांटा था। मंचेरियाल के सब-इंस्पेक्टर सनथ रेड्डी ने कहा कि राजस्व अधिकारी की बेटी और एक निजी स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा रमीसा हुसैन अपने घर की छत से लटकी हुई पाई गई, जब उसकी माँ घर के कामों में व्यस्त थी, तब उसका कमरा बंद था। ऐसा कहा जाता है कि उसने यह कदम तब उठाया जब उसकी माँ ने उसे होमवर्क पूरा करने में देरी के लिए डांटा।

उसकी माँ ने पड़ोसियों और पास में निर्माण कार्य में लगे कुछ दिहाड़ी मजदूरों की मदद से कमरा खोलने में कामयाबी हासिल की। रमीसा बेहोशी की हालत में लटकी हुई पाई गई।

# साहित्य सेवा सगिति की 117वीं मासिक गोष्ठी सम्पन्न

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साहित्य सेवा समिति की 117वीं मासिक गोष्ठी ऑनलाइन आयोजित की गई। कार्यक्रम दो सत्रों में संचालित हुआ। प्रथम सत्र में विषय चर्चा व द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी संपन्न हुई । दोनों सत्रों का संचालन ममता जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती तृप्ति मिश्रा के स्वरचित माँ सरस्वती वंदन से हुआ। इसके उपरांत प्रथम सत्र चर्चा ..क्या साहित्य के वाट्स एप ग्रुप एवं सोशल मीडिया ही वर्तमान साहित्य के मापदंड है.. विषय पर कार्यक्रम व साहित्य सेवा समिति के अध्यक्ष दयाकृष्ण गोयल ने स्वागत भाषण व भूमिका स्वरूप कहा कि पठनीय श्रोताओं के अभाव में श्रवणीय श्रोता संख्या हेतु यह प्लेटफार्म उत्तम है, परंतु सचेतता अनिवार्य है। इस विषय को गहनता प्रदान करते हुए अभिजित पाठक ने सर्वसामान्य उदाहरणों द्वारा कथित किया कि साहित्य विस्तार में साधन तब बन जाता है जब वह समाज को उत्तरदायी संदेश संप्रेषित करता है।

प्रमुख प्रवक्ता के रूप मेंसत्य प्रसन्न ने कहा कि अधैर्य, प्रतिक्रिया, सान्त्वना आदि से साहित्य को पतनोगामी होने व मुख्यधारा से विलग होने से बचाना चाहिए। साहित्य गुणस्ता से समझौता नहीं करना चाहिए । इसी क्रम में श्री सुनीता लुल्ला जी ने कहा कि प्रत्येक प्लेटफार्म एक चैन होता है नव रचनाकारों के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन,एवं स्थापित साहित्यकारों के पठन महत्वपूर्ण साधन है।बी. एल. आच्छा एवं डी. मणिक्याम्बा का कथन था कि सुधि पाठक सार-सार ग्रहण कर थोड़ा उड़ा देने में सक्षम हैं। इसी क्रम में श्री दर्शन सिंहजी श्री राजेन्द्रजी, श्रीमती रचना चर्तुवेदी ने अपने विचार रखे।द्वितीय सत्र में वैविध्य कल्लापूर्ण काष्यगोष्ठी संपन्न हुई। श्री माणिक्यम्बा, बी. एल आच्छा, दयाशंकर प्रसाद, राजेन्द्र रुगंटा, कंचन श्रीवास्तव, शिल्पी भटनागर की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षीय टिप्पणी दयाकृष्ण गोयल दी गई तदुपरांत उमेश चंद यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में तकनीकि सहयोग उमेश चंद यादव व गीता अग्रवाल द्वारा किया गया। सत्र संचालन कार्यवहन श्रीमती ममता जायस्वाल द्वारा किया गया।

# तिरुमाला में कैसिका द्वादशी स्थानम का आयोजन



**तिरुमाला, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बुधवार की सुबह तिरुमाला में कैसिका द्वादशी स्थानम का आयोजन किया गया।उग्र श्रीनिवास मूर्ति - वेंकटेश्वर के स्नेपना बेरा को श्रीदेवी और भूदेवी के साथ सुबह 4:30 बजे से 5:30 बजे के बीच पटटोपम (बारिश के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली दिव्य ढाल) के नीचे बूंदाबांदी के बीच माडा स्ट्रीट में घुमाया गया।बाद में, बंगारू वकीली के अंदर स्थानम का आयोजन किया गया, जहां वैदिक पंडितों ने कैसिका पुराण से नंबदुवन के एक उत्साही भक्त की कहानी सुनाई।अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौधरी वेंकैया चौधरी, मुख्य सतर्कता और सुरक्षा अधिकारी श्रीधर, मंदिर के पेशकार रामकृष्ण और मंदिर के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा का दीपावली स्नेह मिलन 16 को



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा की शाखा गठन के बाद पहली बैठक भूषण गुप्ता के कार्यालय माधापुर में अग्रेसन महाराज जी की पूजा के साथ हुई। जिसमें शाखा के विकास और अग्रवाल समाज की बेहतरी के लिए आगामी एक वर्ष में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार एबीसी शाखा को सहयोग देने के लिए कार्यसमिति के सदस्यों का चुनाव किया गया। एबीसी शाखा में शामिल होने के लिए आठ नए सदस्यों के आ-वेदन पत्र भी प्राप्त हुए।

अग्रवाल समाज एबीसी भाग्यनगर शाखा का पहला कार्यक्रम अर्थात दीपावली मिलन आगामी शनिवार 16 नवंबर को लुफ्ट, जुबली हिल्स में करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रहेंगे।बैठक के दौरान एबीसी के संस्थापक उदय गुप्ता, अध्यक्ष वर्षा बंसल, सचिव मेघा अग्रवाल, केएस यश अग्रवाल और कार्यसमिति के सदस्य भूषण गुप्ता, अविनाश बंसल व अन्य मौजूद थे।



केबीआर पार्क में गणेश पूजा में भाग लेते हुए राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संध्या रानी अग्रवाल, विजया संतोष बाई अग्रवाल, मोहन लाल मित्तल, गोपाल बल्दवा, सुरेश कुमार अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, विट्ठलदास अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, बाबूलाल केडिया, विजय कुमार तंबी, विजय कुमार अग्रवाल, चंद्रकांत डकोटिया, पीसी जैन, राहुल सिंघल, दिनेश, सुधाकर, पम्पति विनोद टिक्मणि हेमन्त शाह एवं अन्य।

# गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा अफजलगंज से नगर कीर्तन निकाला गया



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शबद कीर्तन प्रस्तुत करना, सुसज्जित वाहन पर गुरु ग्रंथ साहिबजी को ले जाना, निशान साहिबान ले जाना और सिख मार्शल आर्ट गतका कौशल का उत्साहजनक प्रदर्शन, पहले सिख गुरु और सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देवजी के 555वें जन्मदिन समारोह के हिस्से के रूप में निकाले गए नगर कीर्तन (पवित्र जुलूस) का हिस्सा थे।

555वें प्रकाश पर्व समारोह के तहत बुधवार को गुरुद्वारा सिंह सभा, अशोक बाजार, अफजलगंज, सिद्दिअंबर बाजार, जामबाग, पुतली बौली, केंद्रीय गुरुद्वारा साहब गौलीगुड़ा से नगर कीर्तन निकाला गया, जो शाम को गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचा। जीएसजीएसएस प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सतविंदर सिंह बग्गा, उपाध्यक्ष जसपाल सिंह टुटेजा और सचिव जोगिंदर सिंह मुजराल ने बताया कि नगर कीर्तन में सिखों के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को एक सुंदर सुसज्जित वाहन पर रखकर ले जाया गया, जिसके बाद विभिन्न



सिख गुरुद्वारों से निशान साहबानों ने भाग लिया। हैदराबाद और पंजाब से आए सिख युवकों ने गतका कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। कीर्तनी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन प्रस्तुत किए गए। कलगीधर दशमेश जत्था और अन्य पंजाब से आए गतका जत्थे ने अपने कुंद हथियारों, कृपाण, तलवारों और अन्य कौशल के साथ असाधारण अभ्यास करके अपने उत्साहवर्धक गतका कौशल (सिख मार्शल आर्ट फॉर्म) का प्रदर्शन किया, जिससे जुलूस मार्ग पर राहगीरों को आकर्षित किया गया, पूरे मार्ग पर भक्तों और राहगीरों को कड़ा प्रसाद, चाय और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। 15 नवंबर, 2024 को हैदराबाद के नामपल्ली स्थित प्रदर्शनी मैदान में प्रकाश पर्व पर विशाल दीवान (सामूहिक समागम) चूंकि गुरु नानक देवजी का मुख्य 555वां जन्मदिवस समारोह 15 नवंबर, 2024 को पड़ रहा है, इसलिए 15 नवंबर, 2024 को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक नामपल्ली रोड स्थित प्रदर्शनी मैदान में विशाल दीवान (सामूहिक समागम) आयोजित किया जाएगा, जिसमें 25,000 से 30,000 से अधिक सिख श्रद्धालु और अन्य समुदाय के लोग शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए प्रतिष्ठित रागी जत्थों द्वारा गुरबानी कीर्तन (पवित्र भजन) का गायन किया जाएगा। भाई लखविंदर सिंह सिंहजी (श्री दरबार साहिब, स्वर्ण मंदिर अमृतसर), पटियाला के भाई अमरजीत सिंह, हजूरी रागी जत्थे, भाई हरि सिंहजी, भाई चरणजीत सिंहजी, भाई जगदेव सिंहजी, भाई हरविंदर सिंह और अन्य प्रतिष्ठित रागी जत्थे शबद कीर्तन और कथा का पाठ करेंगे और गुरु नानक की शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे जो शांति, समानता और मानवता के लिए खड़े थे।

समागम के समापन के बाद भक्तों को गुरु का लंगर (मुफ्त सामुदायिक रसोई) परोसा जाएगा।

# दिव्यांगता जांच व कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित

**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पीडित मानवता की सेवा में 36 वर्षों से समर्पित नारायण सेवा संस्थान हैदराबाद शाखा के तत्वावधान में बुधवार दि. 13 नवम्बर 2024 को दिव्यांग्ता जांच निःशुल्क अंग विहीन (कटे हुए हाथ-पाँव) दिव्यांगो के कृत्रिम अंग हेतु नाप, वितरण व निःशुल्क पोलियो शल्य चिकित्सार्थ जाँच का आयोजन किया गया।

यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में नारायण सेवा संस्था के हैदराबाद शाखा प्रबंधक महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इसामिया बाजार स्थित संस्था के कार्यालय में आयोजित निःशुल्क अंग विहीन (कटे हुए हाथ-पाँव) दिव्यांगो के कृत्रिम अंग हेतु नाप शिविर, निशुल्क उपकरण वितरण व निःशुल्क पोलियो शल्य चिकित्सार्थ जाँच शिविर में सम्माननिय अतिथि के रूप में



नारायण सेवा संस्था के हैदराबाद शाखा अध्यक्ष उत्तम डामराणी जैन, प्राणी मित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक मंत्री रिद्धीश रमेश जागीरदार ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भवन में जारी सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, मोबाईल रिपेरिंग प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैनर, ब्रोचर आदि प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। अवसर पर उत्तम डामराणी जैन ने कहा कि मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है कि वर्तमान में परिस्थित और नई सेवा को जोडने तथा दिव्यांगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यमान भवन में जहाँ फिजियोथैरेपी, कृत्रीम अंग का निर्माण करने के साथ विकलांगों की सुविधा के लिए सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, मोबाईल रिपेरिंग प्रशिक्षण, कम्पूटर प्रशिक्षण कोर्स आदि आरंभ किये गया है, ताकि विकलांग अपना कार्य कर आत्मनिर्भर बन सके। उन्होने आगे कहा कि केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को नौकरी भी दिलवाने का प्रयास किया जाये। दीनदुखियों की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिये। रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, मैं नारायण सेवा संस्थान को उसके स्थापना समय से परिचित हुं, नारायण सेवा संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्य निसंदेह प्रशंसनीय है।

संस्था विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यक्रम को बढावा दे रही है जो कि निसंदेह एक हर्ष का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि अन्य संस्थाओं को भी आगे आकर इस प्रकार के कार्यों को बडे पैमाने पर आयोजित करना चाहिये। अवसर पर श्री जैन सेवा संघ की पूर्व अध्यक्षा अलका चौधरी, समाजसेवी अभय चौधरी आदि उपस्थित थे।



सोजत सिटी (राजस्थान) में चल रही शिव महापुराण कथा में व्यास पीठ से कथा का पुष्पवर्षा मुकेश ओझा द्वारा किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा में हैदराबाद के प्रसिद्ध कथा व्यास मनोज त्रिवेदी श्रीमाली ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अवसर पर डंडी स्वामीजी एवं सूर्य प्रकाश, अमित अवस्थी, दीपक ओझा महेश अवस्थी, रविदत्त त्रिवेदी, अनिल व्यास, हरिश्चंद वोरा, राहुल राठी, गौरव दवे आदि उपस्थित थे।


Inauguration of Renuka Goshala

Opening by:
Mr. Sh.Br.
Dr. Channaveera
Shivacharya

Love for Cow

All are cordially invited

Special Guests:
Sri Umesh Jadhav (Member of Parliament)
Sri Avinash Jadhav (MLA)
Sri Jasmat Patel (Chairman-Love For Cow)
Sri Omprakash Jhawar
Sri Kamal Marda
Sri RK Jain (Chairman-All India Old Renovation Trust.)
Sri Kutchi Kadwa Patidar Samaj Hyd. Secd.
Sri Dilip Kulkarni
Sri Raja Shekhar
Sri Mahender Dhanuka (Patencheru)
Sri Pratap Reddy
Sri L. Srinivas


Location

For details contact : Jasmat Patel 98488 65900

Programme:
Friday 15-11-2024
Time : 6am onwards
Chandi Homam
Sunday 17-11-2024
time : 10am onwards
Satyanarayan Katha
4pm onwards
Renuka Gaushala
Inauguration Ceremony
Venue : Chincholi
Kalabhavi Tanda Road,
Near Zaheerabad.

Narsing Rao - President
98491 35351


# ओंकारेश्वर मंदिर में अन्नकूट आज



**हैदराबाद, 13 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंदिर मुस्लिम जंग पुल स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में महंत चेतन गिर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर शिव हनुमान रामदरबार, सुबह रुद्राभिषेक, श्रृंगार और सांय 7.01 महाआरती के बाद अन्नकूट प्रसादी का शुभारंभ होगा। सभी शिव भक्तों से आग्रह किया गा कि अन्नकूट में भाग लेकन भगवान शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त करें।



श्री हनुमान मंदिर तोपखाना गोशमहल में आयोजित अन्नकूट महाप्रसादी में उपस्थित महामंडलेश्वर मंहत अमृत दास खाकी, महंत विवेकानंद दास उदासीन अखाड़ा विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, महन्त राजेश दास, आनन्द आदि। प्रसादी ग्रहण करते हुए सैकड़ो भक्त।


## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 77,540/-
(प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 92,250/-
(प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 77,690.95
-984.23 -1.25% ↓
एनएसई :23,559.05
-324.40 (-1.36%) ↓

# श्री जगन्नाथ मठ में तीन दिवसीय दीपोत्सव भव्यता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 नवंबर-(शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री जगन्नाथ मठ माधव दास झीरा सीताराम बाग में तीन दिवसीय दीपोत्सव भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

यहां सीतारामबाग स्थित श्री जगन्नाथ मठ में दीप उत्सव के अंतर्गत मठ के महंत अच्युत रामानुजाचार्य के सान्निध्य में श्री तुलसी एवं शालिग्राम के विवाह 51 महिलाओं ने भव्यता से पांचरात्र आगम पद्धति से संपन्न करवाया। अवसर पर रिद्धिश रमेश जागीरदार ने भक्तों को वृक्षारोपण का संदेश प्रदान किया। कार्यक्रम में सीताराम बाग माली समाज महिला मंडल की भगवती माली, हुकुम देवी, ममता देवी, देलिकावार, संतोष देवी, नाजू देवी, सीता देवी, मारू देवी, झींसी चौराहा से पूनम देवी महिला मंडल, जगन्नाथ सेवा मंडल से स्वकृति, कांता अग्रवाल, स्वीटी तिवारी, मधुबाला उपाध्याय, मोहिनी दुबे उपस्थित थीं। अवसर पर महंत अच्युत रामानुजाचार्य, रिद्धिश जागीरदार, आलोक शुक्ला, अमित मिश्रा, कुलदीप व्यास, गुरु जन एवं बटुक ब्राह्मण एवं वृद्धजन ने भाग लिया। अवसर पर करुणा लाहोटी द्वारा रंगोली बनाकर भगवान को अष्ट लक्ष्मी दीप दान का भव्य समापन किया गया।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, KAMAL Mother of JC-279628L Sub (Hony Lt) Ganage Sachin Shaligram, R/o.House No.MG 60/1, Upper Trombay, Custom Road, Trombay, Mumbai-400088 temporarily residing at Anandvan Row House No.411, Lamkhede Mala, Tarwala Nagar, Nashik-422004 have changed my name from **KAMAL** to **KAMAL SHALIGRAM GANAGE** and update my DOB from **21-12-1954** to **11-6-1948** vide affidavit dt: 13-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, VIJAY SEKHAR REDDY Father of Service No. 15176605W Hav (OPR) BANDI ABISHEK REDDY, R/o.Vill, Po:Sathu Pally, Teh:Sathu Pally, Dist:Khammam, Telangana-507303 have changed my name and DOB from **VIJAY SEKHAR REDDY**, DOB:**16-07-1960** to **BANDI VIJAYA SEKHAR REDDY**, DOB:**08-04-1964** vide affidavit dt:13-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, EMMALENI SREEPATHI RAO S/o. Late. E. PAPAIAH, R/o H.No.2-6, Chintalapally Village, Kollapur Mandal, Nagarkurnool District, Telangana State-509105, I here declare that my son's name was Wrongly mentioned as **E PRAJVAL RAO** but My Son's Correct Name is **EMMALENI PRAJWAL RAO**. (all record future purposes)

**CHANGE OF NAME**
I, DHAVLA DINESH KUMAR Son of JC 390620N NaibSubedar SIMHACHALAM DHAVALA, Unit:CQA (EW) Secunderabad-500009, Home Address:Plot No.73, Sri Krantii Nagar (Kalighat Colony), PO, Teh&Dist : Vizianagaram, Andhra Pradesh-535003 have changed my name from **DHAVLA DINESH KUMAR** to **DHAVALA DINESH KUMAR** vide affidavit dt:13-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, D VIJAYA LAXMI is legally wedded spouse of JC 390620N Naib Subedar SIMHACHALAM DHAVALA, Unit:CQA (EW) Secunderabad-500009, Home Address:Plot No.73, Sri Krantii Nagar (Kalighat Colony), PO, Teh&Dist : Vizianagaram, Andhra Pradesh-535003 have changed my name from **D VIJAYA LAXMI** to **DHAVALA VIJAYALAXMI** vide affidavit dt:13-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, D AJAY Son of JC 390620N Naib Subedar SIMHACHALAM DHAVALA, Unit:CQA (EW) Secunderabad-500009, Home Address:Plot No.73, Sri Krantii Nagar (Kalighat Colony), PO, Teh&Dist:Vizianagaram, Andhra Pradesh - 535003 have changed my name from **D AJAY** to **DHAVALA AJAY** vide affidavit dt:13-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.15815064W Hav BIBEK KUMAR of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that my Father Name is to be Changed From **SHYAM BADAN TEWARI** to **SHYAM BADAN TIVARI**.

**CHANGE OF NAME**
I, No15815064W Hav BIBEK KUMAR of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana, India hereby state that My Mother Name is to be Changed From **SBYA DEVI** to **SHABYA DEVI**.

**CHANGE OF NAME**
I, SC No.15821720-H, Rank: NK, Name : RANJEET SINH R/o. Vill&Dist: Sikar, State Gyandespura, Rajasthan, hence I have Changed My wife Name From **SHRAWANI DEVI** to **SHRAWANI KHICHAR** in my service records.

